Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- **नगर परिषद बाराँ, आयुक्त मोती शंकर नागर व सहायक अग्निशमन अधिकारी उवेश शेख ,दो लाख पचास हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर दिनांक 18 अक्टूबर, शनिवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी कोटा इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए **मोती शंकर नागर आयुक्त व सहायक अग्निशमन अधिकारी उवेश शेख नगर परिषद बाराँ** को **दो लाख पचास हजार रूपये** की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी कोटा को दिनांक 09.10.25 एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी को व्यापार करने में परेशान नही करने की एवज मे आरोपियो द्वारा 5 लाख रुपए रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है। शिकायत पर दिनांक 15.10.25 व 17.10.25 को रिश्वत मांग का सत्यापन कराया गया।

सत्यापन के पश्चात भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा, **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री आनन्द शर्मा** के सुपरविजन तथा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय स्वर्णकार** के नेतृत्व में आज दिनांक 18.10.25 को **श्री ताराचंद उप अधीक्षक पुलिस** एसीबी इण्टे. कोटा के नेतृत्व मे ट्रेप का आयोजन किया गया।

परिवादी से उवेश शेख ने अपने कार्यालय मे दो लाख पचास हजार रुपये रिश्वत प्राप्त की तथा कार्यालय परिसर में खडी अपनी स्कूटी की डिक्की मे रिश्वत राशि रख कर रवाना होते हुए उसे ट्रेप दल द्वारा रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया तथा सरकारी निवास से मोती शंकर नागर आयुक्त को डिटेन किया गया।

**श्री आनन्द शर्मा उप महानिरीक्षक पुलिस** के सुपरविजन में आरोपीगण से पूछताछ व कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।